# Physical Education Department events Photo with caption (2022-23)

## National Sports Day Celebration Report (29-08-2022)










**WORLD STUDENTS' DAY AND GLOBAL HAND WASHING DAY on 15 October, 2022**



## डॉ. कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित

# डॉ. अब्दुल कलाम युवाओं के सर्वप्रिय राष्ट्रपति व प्रेरणा स्रोत : डॉ. चौहान

लाडवा, 15 अक्तूबर (चट्ठा): इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के जन्मदिवस के अवसर पर इतिहास विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व छात्र दिवस एवं विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रविश चौहान, कॉलेज स्टॉफ तथा छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चौहान ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को डॉ. कलाम के जीवन और उनके अनमोल वचनों से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित करते हुए डॉ. कलाम को युवाओं का सर्वप्रिय राष्ट्रपति बताया। एक छोटे से गांव में जन्म लेने के बावजूद मेहनत से इतने उच्च स्तर पर पहुंचने वाले डॉ. कलाम छात्रों के आदर्श थे। डॉ. चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों में हस्त स्वच्छता को स्वास्थ्य का मूल मंत्र बताते हुए इसे जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में कुल 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया तो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः सरस्वती, प्रिंसी व कोमल रही तो नारा लेखन में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः तनिषा, नरवीर कौर, सरस्वती व दीपांशी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका हरनीत कौर, सुनीता रानी, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. नीरू बाला, डॉ. प्रियंका गुप्ता एवं डॉ. नवीन कुमारी ने निभाई। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे सभी विद्यार्थियों को कॉलेज प्राचार्य डॉ. रविश चौहान एवं स्टॉफ सदस्यों के द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। मंच संचालन करते हुए इतिहास विभागाध्यक्ष एवं स्वामी विवेकानंद युवा सेल के संयोजक डॉ. मोहन लाल ने भी विद्यार्थियों को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन को विद्यार्थियों हेतु प्रेरणा स्रोत बताते हुए डॉ. कलाम को एक राजनेता, वैज्ञानिक और साथ में एक उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में वर्णित किया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने भी विद्यार्थियों को हस्त स्वच्छता पर विशेष रूप से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए बताया हाथ साफ करने के लिए हमें साबुन और पानी से कम से कम 20 सैकेंड तक हाथ धोने चाहिए क्योंकि हस्त स्वच्छता मात्र से ही हम 65 प्रतिशत पेट संबंधी बीमारियों से बच सकते हैं। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. रुपेश गौड़ ने भी डॉ. कलाम से संबंधित अपने संस्मरण विद्यार्थियों से सांझा किए।



लाडवा : इंदिरा गांधी कॉलेज में आयोजित विश्व छात्र दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रिंसीपल डॉ. रविश चौहान व अन्य। (छाया : चट्ठा)

## Celebrated National Unity Day 31-10-22





**अजीत समाचार** — 1 नवम्बर, 2022 — 7

### इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दिवस दौड़ का आयोजन

# महाविद्यालय में एकता दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई

लाडवा, 31 अक्तूबर (चट्ठा) : इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर एन.सी.सी. इकाई, शारीरिक शिक्षा विभाग और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स कुमारी मानसी द्वारा सभी प्रतिभागियों को एकता दिवस शपथ दिलाई गई। जिसमें सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया। इसके बाद एन.सी.सी. कैडेट्स और महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने एकता दिवस 2 किलोमीटर दौड़ में प्रतिभागिता की जिसमें पुरुष वर्ग में योगेश बीए द्वितीय वर्ष बीए प्रथम वर्ष और भविष्य बीए प्रथम वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में नेहा बीए प्रथम वर्ष पूजा देवी बीए द्वितीय वर्ष और मनप्रीत बीए प्रथम वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार चौहान द्वारा अन्य शिक्षक साथियों के साथ सभी विजेता प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए और साथ ही उन्होंने कि राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा को सर्वोपरि बताया और सभी विद्यार्थियों को सरदार पटेल जैसा प्रतिभावान व कर्मठ राष्ट्रभक्त बनने का आह्वान किया। डॉ. चौहान ने कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कुलदीप सिंह एन.सी.सी. प्रभारी एवं अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुल 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल के निर्देशन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई गई।



लाडवाः इंदिरा गांधी कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रिंसीपल, शिक्षक व छात्र। (छाया : चट्ठा)

Participated in Kurukshetra University Inter-Collegiate Taekwondo men's tournament at Kurukshetra University Sports Department from 19 to 20 December, 2022.



अमर उजाला
वीरवार • 22.12.2022



विजेता विद्यार्थियों के साथ कॉलेज का स्टाफ व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने पांच कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज पहुंचने पर इन विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ. रवीश चौहान ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन केयू खेल परिसर में हुआ। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया, जिसमें कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनिकेत शर्मा ने 54 किलोग्राम भार वर्ग, अंकित ने 63, भविष्य ने 80, राजीव ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए।

बताया कि प्रतियोगिता के ताइक्वांडो ग्रुप मुकाबले में बीए प्रथम वर्ष के केशव, अंकित और अनिकेत शर्मा के समूह ने कांस्य पदक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. संदीप बंसल, डॉ. मोहन लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

Organised the Kurukshetra University Inter-Collegiate Zonal Chess (Women) competition from 27 to 29 January, 2023





Organised the Kurukshetra University Inter-Collegiate Zonal Chess (Women) competition on 30 January, 2023







दैनिक जागरण पानीपत, 31 जनवरी, 2023

# शतरंज प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा और आइजीएन कालेज ने दर्ज की जीत

लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कालेज में शतरंज महिला प्रतियोगिता, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर एवं कैथल से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

संवाद सहयोगी, लाडवा : लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कालेज में शतरंज महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र, यमुनानगर एवं कैथल जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला शतरंज खिलाड़ियों ने प्रतिभागीता की। कालेज के प्राचार्य डा. रवीश चौहान ने सभी शतरंज खिलाड़ियों को खेल की भावना के साथ मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मानसिक कसरत के लिए आज के आधुनिक युग में शतरंज अपना विशेष स्थान रखती है। इसलिए सभी को यह खेल खेलना चाहिए। इस प्रतियोगिता में प्रथम जान में आई जी एन कालेज लाडवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के चौथे जान में गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुकाबलों का आयोजन डा. कुलदीप सिंह की देखरेख में हुआ। मुकाबलों में निर्णायक की भूमिका अमित शर्मा, डा. जसबीर सिंह व डा. कुलदीप सिंह ने निभाई। इस दौरान कालेज स्टाफ व खिलाड़ी मौजूद रहे।



लाडवा कालेज में शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेती खिलाड़ी। • सौजन्यः कालेज।